जीवन में एक नियम जरूर बना कर रखना चाहिए
दोस्त अगर सुख में है तो आमंत्रण के बिना जाना नही चाहिए और अगर दोस्त मुसीबत में है तो आमंत्रण का इंतजार करना नही चाहिए।

RNI No. PUNBIL/2014/59416
UTURN TIME
यूटर्न टाईम
UTURNTIME.COM
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

JAN HETAISHI
JAN JAN KI BAAT
A Venture of UTURN TIME
/janhetaishi

VOL:01 | ISSUE:85 | SUNDAY, DATE: 10-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

### जनमानस में डर का माहौल, बेखौफ चोर रोज दे रहे घटना को अंजाम


# सुबह-सुबह मेडिकल स्टोर से 4 लाख की चोरी!











लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। पंजाब में चोरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं इसका अंदाजा आए दिन राज्य में हो रही चोरियों को देखकर लगाया जा सकता है। राज्य की पुलिस भले ही चोरों को पकड़ने और उन पर शिकंजे कसने की बात कर रही हो लेकिन अभी तक नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा है। वहीं शनिवार को लुधियाना पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा ने चार्ज संभालते ही अपराधियों को दो टूक सुनाई थी तो रविवार सुबह ही चोरों ने चोरी को अंजाम देकर यह साफ कर दिया है कि उनके मन में पुलिस को लेकर कोई भय नहीं है!

गौरतलब है कि रविवार 10 अप्रैल सुबह करीब 5 बजे लुधियाना के ग्यासपुरा इलाके में मोंटे कार्लो शो रूम के नजदीक स्थित बब्लू मेडिको में चोरों ने एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे करीब 4 लाख रूपये चुरा ले गए। चोरी की सूचना दुकानदार में डिविजन नं. 6 पुलिस को दे दी है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एसीपी राजेश सिंह मामले को देख रहे हैं। वहीं शहर में आए दिन हो रही चोरियों से व्यापारियों और आमजन में खौफ का माहौल व्याप्त है। लोगों के बीच ऐसी चर्चाएं हो रही हैं कि आखिर आम जनमानस की सुरक्षा को कब तक इग्नोर किया जायेगा। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व केसरगंज मंडी होलसेल मार्केट से भी बंदूक की नोक पर 50 लाख की लूट हुई थी।

फोटो एवं इनपुट अजहर अंसारी

## राजा वड़िंग पंजाब कांग्रेस के नए निजाम

### नए प्रधान की नियुक्ति के बाद एक बार फिर बवाल





लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। पंजाब कांग्रेस को अब राजा वड़िंग के रूप में नया प्रधान मिल चुका है। नवजोत सिंह सिद्धू ने नए प्रधान को शुभकामनाएं दी हैं। लेकिन सूत्रों की मानें तो हाईकमान का यह फैसला सिद्धू व कांग्रेस के दूसरे समर्थकों को रास नहीं आ रहा है, जिसके चलते नए प्रधान की नियुक्ति के बाद एक बार फिर से बवाल शुरू हो गया है। वहीं खबरें तो यह भी है कि सिद्दू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले राजा वड़िंग से भी उनकी अनबन चल रही है।

गौरतलब है कि पंजाब में कांग्रेस की हार के बाद नवजोत सिंह सिद्धू लगातार शक्ति-प्रदर्शन में जुटे हुए थे। पिछले 20 दिनों में वह लगातार सीएम भगवंत मान के खिलाफ टिप्पणियां भी कर रहे थे और कांग्रेस वर्करों व नेताओं से मिल रहे थे। कयास यही लगाए जा रहे थे कि सिद्धू को कांग्रेस एक और मौका दे सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस हाईकमान का फैसला आने के बाद नवजोत सिंह सिद्धू ने तो प्रधान राजा वड़िंग को शुभकामनाएं दी, लेकिन उनके समर्थक इससे नाराज हो गए हैं।

सुरजीत धीमान ने राजा वड़िंग के प्रधान चुने जाने का विरोध शुरू कर दिया है। उन्होंने राजा वड़िंग को मौकापरस्त व करप्ट बताया। उन्होंने कहा कि राजा वड़िंग वहीं इंसान हैं, जिनका नाम ड्रग मामले व पैसों के लेन-देन में आने के बाद वह बादल परिवार के सामने झुक गए थे। इस समय पंजाब में कांग्रेस को बचाने के लिए नवजोत सिंह सिद्धू जैसे इंसान की जरूरत थी, जिसने निस्स्वार्थ सेवा की। राजा वड़िंग को पंजाब प्रधान बनाने से अच्छा था कि किसी अनाड़ी को प्रधान लगा दिया जाता।

### सुरजीत धीमान कांग्रेस से बाहर

✔ राजा वडिंग की प्रधानगी का ऐलान होने के बाद इसकी खिलाफत करने वाले पूर्व एमएलए सुरजीत धीमान को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। धीमान को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निकाला गया है।

**पंजाब में बढ़ रहे लव जिहाद के मामले!**

## यूपी की तर्ज़ पर पंजाब सरकार से कानून पास कराने को उठी मांग



लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। पंजाब में लव जिहाद के लगातार बढ़ते मामले को लेकर चिंतित विरसा संभाल मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख एवं समाजसेवी रजत सूद ने कहा कि राज्य में धर्म परिवर्तन और लव जिहाद के ख़िलाह कोई कानून नहीं है इसलिए जेहादियों द्वारा पंजाब को सॉफ्ट टारगेट के रूप में देखा जा रहा है।

समाजसेवी रजत सूद ने कहा कि पंजाब में विरसा संभाल का गठन लव जिहाद के मामलों पर नकेल कसने के लिए किया गया है। सभी जिलों में इकाइयों का गठन किया जा रहा है। ताकि इस साल के अंत तक सभी गांवों एवं शहरों में थाना स्तर तक इकाइयां गठित कर दी जाएंगी। पिछले दिनों भामिया कलां में लव जिहाद का शिकार हुई लड़की ने बिना डरे मामला उठाया है। विरसा संभाल मंच के लोग अपनी हिन्दू बेटी से मिल कर उसे पूर्ण सहयोग देंगे। उसे मुफ्त कानुनी सहायता भी दिलवाई जाएगी एवं समाज के लोगों को जागरुक भी किया जायेगा कि वह ऐसे किसी के चंगुल में न फंसें।

आगे उन्होंने कहा कि जल्दी ही डीसी से मिल कर लव जिहाद के खिलाफ कठोर कानून बनाने के लिए मांग पत्र दिया जाएगा।

### बेखौफ चोर

पंजाब में चोरों के मन में पुलिस का तनिक भी डर देखने को नहीं मिल रहा है। राज्य की पुलिस भले ही यह दावे लगातार कर रही हो कि वह अपराधियों, माफियाओं, चोरों पर अपनी नकेल कसने से पीछे नहीं हट रही है। लेकिन नतीजा अभी तक शिफर ही रहा है। क्योंकि जिस तरह से चोरी और मर्डर की खबरें रोज सामने आ रही है उसे देखकर चोरों एवं अपराधियों के मन का तो पता नहीं लेकिन आम जनमानस जरूर सहम गया है। कि राज्य में लॉ एंड आडर नाम की कोई चीज शायद ही बची है। राहगीरों का सड़क पर चलना दुस्वार है, व्यापारियों का व्यापार करना, मनचलों के चलते सड़कों पर लड़कियों का निकला ऐसी ही तमाम समस्याएं है। फिलहाल जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है वह चोरी की है क्योंकि चोरों के हौसले बुलंद हैं उनमें पुलिस प्रशासन रंज भर भी डर नजर नहीं आ रहा है यही वजह है कि वे बेधड़क वारदात को अंजाम दे रहे हैं।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## समाजसेवियों ने फिर अवैध कचरा डंप पर बनाया सेल्फी प्वाइंट



लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। कमला लोहटिया कालेज के ठीक सामने बने अवैध कचरा डंप पर रविवार को पब्लिक एक्शन कमेटी की अगुवाई में समाजसेवियों ने सेल्फी प्वाइंट बना निगम की पोल खोली। लगभग 20 साल से इस जगह का इस्तेमाल कचरा फेंकने के लिए किया जा रहा था। जिसके कारण यहां से दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समाजसेवियों ने शनिवार हलका नार्थ से विधायक मदन लाल बग्गा को मैसेज भेज मौके पर आने के लिए कहा था। ताकी वह कचरा डंप का उद्घाटन कर सके। हालांकि वह मौके पर नहीं आए लेकिन निगम मुलाजिम जरूर पहुंचे। जिन्होंने मौके से कचरा हटाना शुरू कर दिया है।

## पूर्व विधायक और कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशू बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, पार्टी ने खेला हिंदू कार्ड





लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। कांग्रेस हाईकमान ने लुधियाना से पार्टी के पूर्व विधायक और कैबिनेट मंत्री रहे भारत भूषण आशु को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर बड़ा दांव खेला है। आशु गांधी परिवार के करीबी माने जाते हैं। राहुल गांधी से उनकी काफी नजदीकी है।

आशु विधानसभा चुनाव हार गए हैं, लेकिन वह भी तेजतर्रार नेताओं में गिने जाते हैं। लुधियाना में अच्छी पकड़ रखने के साथ ही हिंदू वर्ग में भी उनकी अच्छी पहचान है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव से पहले जब नवजोत सिद्धू को कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष बनाया था तो उनके साथ चार प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भी लगाए गए थे। वह फार्मूला कामयाब नहीं हुआ और इस कारण पार्टी ने इस बार केवल एक प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति की है।

कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद चन्नी सरकार में भारत भूषण आशु का नाम डिप्टी सीएम के लिए भी चला था। यही नहीं शहर के अन्य फेसबुक व वाट्सएप ग्रुपों में भी आशु को डिप्टी सीएम बनाए जाने पर बधाइयों का दौर शुरू हो गया था। गौरतलब है कि भारत भूषण आशु कार्यवाहक मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के करीबी थे।

भारत भूषण आशु का जन्म 20 मार्च 1971 को हुआ था। पहली बार वह 1997 में कौंसलर बने थे। तीन बार पार्षद रहे। 2012 तक नगर निगम में बतौर पार्षद रहे। 2012 में कांग्रेस ने उन्हें लुधियाना पश्चिमी से टिकट दी और विधायक बने। कांग्रेस विपक्ष में थी तो पार्टी उन्हें कांग्रेस विधायक दल का उप नेता बनाया। हालांकि 2022 में वह विधानसभा चुनाव हार गए। हालांकि इस बार कांग्रेस लुधियाना की सभी सीटें हार गई है। लेकिन अब आशू के जरिए पार्टी हिंदू वर्ग को अपने साथ जोड़े रखने का काम करना चाहती है।



# भारत नगर ज़ोन (भारतीय योग संस्थान) ने मनाया 56वां स्थापना दिवस

लुधियाना / यूटर्नः भारतीय योग संस्थान भारत नगर क्षेत्र की ओर से आज 56वा स्थापना दिवस बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह प्रोग्राम अमिता सिंगला प्रधान भारत नगर क्षेत्र की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 80 साधक और साधिकाओं ने भाग लिया एवं साथ साथ ऑनलाइन 28 मेम्बर्ज़ शामिल हुए। जगप्रीत कौर प्रिंसिपल, गुरु नानक खालसा स्कूल गुज्जरखान कैम्पस, माडल टाउन लुधियाना मुख्य अतिथि के रूप में व सुमन जैन जी प्रधान उत्तरी ज़िला विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने भारतीय योग संस्थान के इतिहास के रूप में विस्तृत जानकारी दी कि कैसे




भारतीय योग संस्थान 10 अप्रैल 1967 को एक छोटे से पौधे के रूप में उजागर हुआ और आज उसने एक वट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है। मंच संचालन अनू गर्ग केंद्र प्रमुख द्वारा किया गया। कंचन ने बड़े ही सुंदर शब्दों में भारतीय योग संस्थान के उद्देश्य व शरीर को स्वस्थ रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी।

तत्पश्चात अभय जी, आशा खुराना, अश्वनी सचदेवा, नरेंद्र कुमार गुसाई, अमिता गर्ग व प्रभा गुप्ता जी ने आसन प्राणायाम व ध्यान की श्रंखला चलाई। सिमरन व प्रवीण मोंगा जी ने भजन गायन किया। विजय भाटिया जी संरक्षक भारत नगर ज़ोन ने अपने आहार पर भी नियंत्रण करने के लिए बताया जो कि इस बार की पत्रिका योग मंज़री का विशेषांक है। अशोक भूटानी मंत्री भारत नगर क्षेत्र ने बताया कि भारतीय योग संस्थान ना केवल भारत मैं अपितु संपूर्ण विश्व में लगभग 4500 निशुल्क केंद्र चला रहा है। लुधियाना में इस समय लगभग 120 निशुल्क केंद्र चल रहे है।

इस कार्यक्रम में कुलविंदर सिंह, अशोक मनोचा, हेमराज, प्रदीप पंछी, बलजीत जी, विनोद गुप्ता, मन्नत, कवल खन्ना, रितु, मनजीत कौर , बालाजी, राज, तरविंदेर जी, रमन, गोल्डी, सीमा, अंकुश, शांति स्वरूप जी विशेष रूप से उपस्थित हुए। अमिता सिंगला जी ने आए हुए अधिकारियों और सभी. साधको व सदिकाओ का बहुत-बहुत धन्यवाद किया। क्षेत्र के लोगों ने इसकी बहुत सराहना की।

### भगवान राम जी की लीला में रंगा लुधियाना

## विशाल भगवा मार्च में शामिल हुए हजारों राम भक्त



लुधियाना / यूटर्नः रामनवमी का पावन दिन राम भक्तो की ओर से बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर विशाल भगवा मार्च निकाला गया।ये भगवा मार्च श्री दुर्गा माता मंदिर जगराव पुल से शुरू होकर अलग अलग स्थानों से होता हुआ हंबडा रोड गोविंद गौ धाम में संपन्न हुआ। इस विशाल मार्च में हजारों राम भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू सदस्य कार्य समिति भारतीय जनता पार्टी पंजाब प्रदेश ने सभी रामभक्तो को श्री रामनवमी की बधाई देते हुए प्रभु श्री राम से विश्व कल्याण की कामना करते हुए कहा कि श्री राम की कृपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का सपना जल्द पूरा हो। भारत के लोगों के बीच आपसी भाईचारा और प्यार की भावना कायम हो।

## डॉ बी.आर अंबेडकर जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में निकाली विशाल शोभायात्रा

### डॉ. अंबेडकर ने समाज के शोषित वर्गों को पढ़ो-लिखो और संघर्ष करो का संदेश दियाः राजीव कुमार लवली, बंसी लाल प्रेमी






लुधियाना / यूटर्नः संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अंबेडकर नवयुवक दल द्वारा एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। डॉ एवीएम स्कूल, ईसा नगरी पुली से शुरू हुई शोभायात्रा सीएमसी चौक, डिवीजन नं. 3, वाल्मीकि चौक, बस्ती जोधेवाल चौक, शिवपुरी चौक, काराबरा चौक से होते हुए, जालंधर बाईपास स्थित डॉ. बी.आर अंबेडकर की प्रतिमा को श्रद्धा के फूल अर्पित करने के बाद संपूर्ण हुई। अंबेडकर नवयुवक दल के सरपरस्त राजीव कुमार लवली ने बताया कि शोभा यात्रा को बड़ी संख्या में सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का सहयोग रहा। बैंड बाजों, ट्रालियों, झांकियों, गाड़ियों सहित बड़ी संख्या में शामिल लोगों का जगह-जगह स्वागती गेटों के साथ स्टाल लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, दल के सरपरस्त राजीव कुमार लवली और प्रधान बंसी लाल प्रेमी ने लोगों से डॉ आंबेडकर की शिक्षाओं पर चलने की अपील की। डॉ. अंबेडकर ने समाज के शोषित वर्गों को पढ़ो-लिखो और संघर्ष करो का संदेश दिया। इन विचारों पर सभी को चलना चाहिए, ताकि देश और समाज का भला हो सके। जिन शिक्षाओं पर शोभा यात्रा में शामिल हुए बड़ी संख्या में लोगों ने चलने और अपने बच्चों को पढ़ा-लिखाकर समाज को तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ाने का प्रण लिया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ बी.आर अंबेडकर ने भारत के मजबूत और सर्व हितकारी संविधान का निर्माण किया।

## सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर में विधि विधान के साथ हुआ 851 कंजकों का महापूजन



लुधियाना / यूटर्नः सिद्व पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर शंकराचार्य नगर, हैबोवाल कलां, जोशी नगर धाम में नवमीं के पवित्र दिन 851 कंजकों का महापूजन विधिविधान के साथ किया गया। आयोजन मंदिर प्रधान अमन जैन की अध्यक्षता में किया गया। नवमीं की पूर्व रात्रि को महाचण्डी महायज्ञ ज्योति गुप्ता, संजय गुप्ता परिवार द्वारा कराया गया व् पूर्णाआहुति मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों द्वारा विश्व कल्याण की प्रार्थना के साथ की गई। मंदिर के आचार्यों द्वारा विधिविधान के साथ कंजक पूजन किया गया व् सभी कंजकों को मंदिर कमेटी की तरफ से उचित उपहार दिए गए। सुरिंदर जोगिया एंड पार्टी ने माँ भगवती दरबार के समक्ष अपने भजनों द्वारा महामाई और श्री बालाजी महाराज जी की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन व सेवक अनुज मदान ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कन्या पूजन में 9 कन्याओं का पूजन किया जाता है और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हर कन्या का अलग और विशेष महत्व होता है। एक कन्या का पूजन करने से ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है, दो कन्याओं का पूजन करने से भोग और मोक्ष की प्राप्ति होती है, तीन कन्याओं का पूजन करने से अर्थ, धर्म और काम की प्राप्ति होती है,चार कन्याओं का पूजन करने से राज्यपद की प्राप्ति होती है, पांच कन्याओं का पूजन करने से विद्या की प्राप्ति होती है, छह कन्याओं का पूजन करने से छह प्रकार की सिद्धि प्राप्त होती है।

## श्री सिद्धनाथ सेवा मंडल की तरफ से झंडा फेरी निकली



लुधियाना / यूटर्नः श्री सिद्धनाथ सेवा मंडल की तरफ से झंडा फेरी गली नंबर 4 न्यू माधोपुरी लुधियाना में की गई। इनमें कई सेवा दार ने भण्डारा लगया मुकेश चावला, प्रमोद कुमार, संदीप अरोड़ा राहुल, गौवर, हेमु, रिषि , सूरज, अशवनी, जोगी, संदीप, बावा, मोहित, संजू, अन्य सेवा दार शामिल थे ।

## 5100 दीए जला मनाया भगवान राम का जन्मदिन






लुधियाना / यूटर्नः भगवान राम के जन्मोत्सव पर दुर्गा माता मंदिर बीआरएस नगर में इलाका वासियों द्वारा मंदिर प्रांगण में दीप माला का आयोजन किया गया। खासबात यह रही कि इस दीप माला का आयोजन इलाका वासियों व मंदिर प्रशासन द्वारा अपने घरों से पांच-पांच दीए जलाकर किया गया। मंदिर के प्रधान रमेश जगोता ने बताया कि पूरे इलाका वासियों द्वारा एकजुट होकर रविवार को मंदिर एवं पूरे इलाके को अयोध्या नगरी का स्वरूप देने का प्रयास किया गया। जिसके तहत मंदिर प्रांगण में 5100 दीए जलाए गये। वहीं इलाके के प्रत्येक घर में पांच-पांच दीए जगाते हुए सनातन धर्म की एकजुटता की मिसाल कायम की गई।

### जन्मदिन मुबारक



तेजविंदर सिंह बिगबेन



प्रदीप वाधवन



बलदेव कटना

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार फ्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों से 23 अप्रैल को मिलेंगी निर्मला सीतारमण, करेंगी समीक्षा

नई दिल्ली / यूटर्नः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 अप्रैल को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों से मिलेंगी और कोरोना से प्रभावित अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं पर ऋणदाताओं के प्रदर्शन और उनके द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा करेंगी। बजट 2022-23 पेश किए जाने के बाद यह पहली पूर्ण समीक्षा बैठक है। सूत्रों ने कहा कि बैंकों से अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार में तेजी लाने के लिए उत्पादक क्षेत्रों के लिए ऋण स्वीकृत का आग्रह किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम समेत सरकारी योजनाओं के विभिन्न खंडों और प्रगति की व्यापक समीक्षा की जाएगी। बता दें कि बजट में ECLGS को मार्च 2023 तक एक साल के लिए बढ़ा दिया गया था। इसके अलावा, योजना के लिए गारंटी कवर को 50,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया था। ईसीएलजीएस 3.0 के तहत आतिथ्य, यात्रा, पर्यटन और नागरिक उड्डयन क्षेत्रों के लिए कवरेज, दायरा



और लाभ की सीमा का विस्तार किया गया था। साथ ही, पात्र उधारकर्ताओं के लिए क्रेडिट सीमा को उनके फंड-आधारित क्रेडिट बकाया के 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया था। बढ़ी हुई सीमा प्रति उधारकर्ता के लिए अधिकतम 200 करोड़ रुपये तक सीमित है। मई 2020 में इसकी शुरुआत के बाद से 25 मार्च 2022 तक 3.19 लाख करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। ऐसे में नई दिल्ली में होने वाली बैठक चालू वित्त वर्ष के लिए एजेंडा तय करेगी, जो अभी शुरू हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को अप्रैल-दिसंबर की अवधि में किसी भी नुकसान का सामना नहीं करना पड़ा और इस अवधि के दौरान 48,874 करोड़ रुपये का सामूहिक शुद्ध लाभ कमाया। इससे पहले 2020-21 में PSBs ने 31,820 करोड़ रुपये का संयुक्त शुद्ध लाभ अर्जित किया था। हालांकि, 2015-16 से 2019-20 के दौरान लगातार पांच वर्षों में सामूहिक नुकसान हुआ था। 2017-18 में सबसे ज्यादा शुद्ध घाटा 85,370 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था।

## ईंधन टैक्स को लेकर चिदंबरम के आरोप पर सरकार ने बताया 8 साल में कितना किया खर्च

नई दिल्ली / यूटर्नः इस महीने की शुरुआत में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा था कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 से 2021 के बीच ईंधन कर संग्रह से 26.5 लाख करोड़ रुपये एकत्र किए लेकिन मुफ्त खाद्यान्न, महिलाओं को नकद भत्ते, पीएम-किसान पर कुल खर्च और अन्य नकद हस्तांतरण "2,25,000 करोड़ रुपये से अधिक नहीं है, जो अकेले केंद्र द्वारा एकत्र किए गए वार्षिक ईंधन कर से कम है।' अब इस पर सरकारी सूत्रों ने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत संख्या काफी कम है क्योंकि इस अवधि में विकास व्यय लगभग चार गुना था। खर्च का विवरण साझा करते हुए सूत्रों ने कहा, 'इसमें बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और उत्पादक संपत्ति



बनाने के लिए पूंजीगत व्यय के रूप में 26 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए। भोजन, उर्वरक और ईंधन सब्सिडी के लिए 25 लाख करोड़ रुपये और सामाजिक सेवाओं जैसे- स्वास्थ्य, शिक्षा, किफायती आवास आदि पर 10 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए। सरकारी सूत्रों ने कहा कि सरकार ने पिछले आठ वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक क्षेत्र के कामों पर करीब 100 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। आरबीआई की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सूत्रों ने कहा कि 2014-15 से 2021-22 के दौरान केंद्र सरकार द्वारा कुल विकास व्यय 90,89,233 करोड़ रुपये (90.9 लाख करोड़ रुपये) था। सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्ट है कि ईंधन कर से संग्रह को विकास व्यय के रूप में अच्छे उपयोग के लिए रखा गया है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक पूर्व वित्त मंत्री इन बुनियादी डेटा बिंदुओं को बताना भूल गए। चिदंबरम ने पिछले हफ्ते ट्विटर पर कहा था कि मोदी सरकार के आठ सालों में केंद्र सरकार ने ईंधन कर के रूप में 26,51,919 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं।

## रूस के साथ रुपया-रूबल ट्रेड प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है भारत

नई दिल्ली / यूटर्नः भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्पष्ट किया है कि रुपया-रूबल व्यापार के लिए कोई मंच नहीं है और केंद्रीय बैंक इस संबंध में सभी हितधारकों के साथ चर्चा कर रहा है। इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने कहा, ‡भारत-रूस व्यापार के लिए ऐसा कोई मंच नहीं है, जितना मुझे पता है। प्रेस रिपोर्ट्स हैं, लेकिन जितना मैं जानता हूं, ऐसा कुछ भी नहीं है। शंकर ने कहा, हम जो कुछ भी करेंगे वह प्रतिबंधों के प्रति संवेदनशील होगा। तो कुछ खास नहीं, मेरा मतलब है कि युद्ध ने स्पष्ट रूप से व्यापार और भुगतान को बाधित किया है। हम सभी हितधारकों के साथ चर्चा कर रहे हैं और प्रतिबंधों के प्रति संवेदनशील बने हुए हैं। अगर और जब कुछ भी तय हो जाता है तो आपको पता



चल जाएगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह कहा जा रहा था कि आरबीआई रुपया-रूबल लेनदेन मंच विकसित करने के लिए रूस के साथ बातचीत कर रहा है। शंकर ने यह भी स्पष्ट किया कि फरवरी के अंत में युद्ध शुरू होने के बाद से नई दिल्ली और मॉस्को के बीच कोई नया भुगतान मंच उपलब्ध नहीं है।

### पतंजलि की कंपनी रुचि सोया हुई 'कर्जमुक्त'

## 2,925 करोड़ के कर्ज का किया भुगतान




नई दिल्ली / यूटर्नः खाद्य तेल बनाने वाली रुचि सोया ने बैंकों का 2,925 करोड़ रुपये का पूरा कर्ज वापस कर दिया है। इसी के साथ कंपनी कर्ज मुक्त हो गई है। बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद की अगुवाई वाली रुचि सोया ने हाल में अपने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के जरिए 4,300 करोड़ रुपये जुटाए थे। कंपनी ने इस पूंजी के एक हिस्से का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए किया है। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने ट्वीट कर बताया कि रुचि सोया कर्ज मुक्त हो गई है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि एफपीओ के लिए जमा किये गये दस्तावेज में कंपनी ने बताया था कि वह लगभग 1,950 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाएगी। हालांकि, कंपनी ने अपने कर्जदाताओं को 2,925 करोड़ रुपये की पूरी कर्ज राशि चुकाने का फैसला किया। रुचि सोया के शेयर अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के तहत शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद शुक्रवार को कारोबार में 15 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए। बीएसई में रुचि सोया का शेयर 12.94 प्रतिशत उछलकर 924.85 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 14.79 फीसदी के लाभ के साथ 940 रुपये पर पहुंच था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी का शेयर 14.71 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 938 रुपये के पर बंद हुआ।

## भारत पे ने दर्ज की रिकॉर्ड वृद्धि, आईपीओ लाने की तैयारी

नई दिल्ली / यूटर्नः वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनी भारतपे ने अपने सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर से जुड़े विवादों को पीछे छोड़ते हुए 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। भारतपे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुहैल समीर ने कहा है कि कंपनी अब लागत को निकालने की ओर अग्रसर है। समीर ने साक्षात्कार में कहा कि कंपनी को अगले 18 से 24 माह में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कराने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि ग्रोवर ने कंपनी के साथ पैसे की जो धोखाधड़ी की है, उसके बारे में निदेशक मंडल आगे की चीजें तय करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता कंपनी के कर्मचारी हैं, जिससे वे स्थिर तरीके से कामकाज कर सकें। समीर ने कहा, "हमारे लिए दूसरी प्राथमिकता कारोबार के मोर्चे पर आगे बढ़ने की है। कारोबार ही मेरे लिए और मेरी टीमों के लिए जरूरी है। हम इसपर दोगुना ध्यान दे रहे हैं। इसके




नतीजे भी अच्छे मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी-मार्च की तिमाही में सभी मानकों मसलन लेनदेन, टीपीवी, ऋण और राजस्व के मोर्चे पर हमारा कारोबार 20 प्रतिशत बढ़ा है।" "हम यह तब हासिल कर पाए हैं जबकि कोविड-19 की वजह से दिल्ली और कई शहरों में अंकुश लागू थे। भारतपे दुकानदारों को क्यूआर कोड के जरिये डिजिटल भुगतान की सुविधा देती है। अब कंपनी की मौजूदगी 225 शहरों में है। कंपनी के मंच से अब 80 लाख से अधिक दुकानदार (मर्चेंट) जुड़े हैं। 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष में इनकी संख्या 50 लाख थी। उन्होंने कहा कि कंपनी के मंच पर लेनदेन मूल्य (टीपीवी) सालाना आधार पर ढाई गुना बढ़कर 16 अरब डॉलर हो गया है। इसी तरह बिक्री केंद्र (पीओएस) कारोबार भी दोगुना हो गया है। मार्च तक हमारे मंच पर चार अरब लेनदेन हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मंच से कर्ज लेने वाले दुकानदारों की संख्या बढ़कर तीन लाख हो गई है जो एक साल पहले 1.6 लाख थी। समीर ने कहा, "हमने पिछले वित्त वर्ष में 65 करोड़ डॉलर का ऋण देने में मदद की। उन्होंने बताया कि कंपनी का अभी 'खरीदो-बाद में भुगतान करो' उत्पाद काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसे करीब पांच माह पहले पेश किया गया था। इसपर हर महीने 10 लाख लेनदेन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी चालू वित्त वर्ष के अंत तक 300 शहरों में विस्तार करने की तैयारी है।

## बेंगलुरु की स्टार्टअप को बैटरी के लिए यूरोप से ऑर्डर

बेंगलुरु / यूटर्नः बेंगलुरु की एक स्टार्टअप कंपनी को अपनी बैटरी के लिए यूरोप की अक्षय ऊर्जा कंपनी से ऑर्डर मिला है। खास बात यह है कि इस बैटरी को टेस्ला के एक पूर्व इंजीनियर ने डिजाइन किया है। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया की सबसे अधिक ऊर्जा सघन बैटरियों में से है। इससे घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। स्टार्टअप कंपनी प्रवेग के सह-संस्थापक सिद्धार्थ बागड़ी ने बताया कि यूरोप की अक्षय ऊर्जा कंपनी एरेन ग्रुप ने अपने स्टोरेज एप्लिकेशंस के लिए इस बैटरी का ऑर्डर दिया है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम ने इन बैटरियों के भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर परियोजनाओं में इस्तेमाल की संभावनाएं खोल दी हैं। बैटरी किसी इलेक्ट्रिक वाहन का



महत्वपूर्ण घटक है। इसके पूरी तरह चार्ज होने पर वाहन कितने किलोमीटर दौड़ सकते हैं और बैटरी को चार्ज करने में कितना समय लगता है, यह हरित वाहन की सफलता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सूर्य से ऊर्जा पूरे दिन और सभी दिनों में उपलब्ध नहीं होती है, जिससे इसके भंडारण की आवश्यकता होती है। धवल विंके खुल्लर के साथ प्रवेग की स्थापना करने वाले बागड़ी ने कहा कि एरेन ग्रुप द्वारा प्रवेग से 54 एमडब्ल्यूएच (मेगावॉट घंटे) बैटरी की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा, "हम पिछले एक दशक से एक ईवी के प्रोटोटाइप पर काम कर रहे हैं और इस दौरान हमने एक अत्यधिक सघन तेजी से चार्ज होने वाली बैटरी तैयार की है। इस बैटरी को पूरी तरह चार्ज करने में सिर्फ आधा घंटा लगता है।" उन्होंने कहा कि इसके अलावा यह अत्यधिक सघन बैटरी है। इस वजह से यह लागत दक्ष भी है।

## विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने किया भारतीय इक्विटी का रुख

नई दिल्ली / यूटर्नः छह महीने की बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक भारतीय इक्विटी में 7,707 करोड़ रुपये का निवेश किया और शुद्ध खरीदार बन गए।
इन दिनों बाजारों में सुधार ने उन्हें खरीदारी का अच्छा अवसर दिया है। डिपॉजिटरीज के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) ने 1 से 8 अप्रैल के दौरान भारतीय इक्विटी में 7,707 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इक्विटी के अलावा एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान ऋण बाजारों में 1,403 करोड़ रुपये लगाए हैं। यह इनफ्लो विदेशी निवेशकों द्वारा अक्टूबर 2021 से मार्च 2022 तक पिछले छह महीनों में इक्विटी से 1.48 लाख करोड़ रुपये बाहर निकालने के बाद आया है। हालांकि, वह पिछले दो कारोबारी सत्रों के दौरान शुद्ध विक्रेता रहे हैं। इससे लगता है कि एफपीआई प्रवाह में अभी भी निश्चितता की कमी है।
इससे पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सिर्फ पिछले दो महीनों (फरवरी और मार्च) में ही शुद्ध रूप से 8,705 करोड़ रुपये निकालने थे।

# घुटना बदलवा चुके मरीजों ने डाला भंगड़ा, दौड़ने-उछलने वाले गेम भी खेले

## ईवा अस्पताल के सुखी जीवन कार्यक्रम घुटने व कूल्हे बदलवा चुके डेढ़ सौ से ज्यादा मरीजों ने लिया हिस्सा














लुधियाना / यूटर्नः एक दशक पहले लोगों में यह धारणा थी कि घुटने या कूल्हे बदलवाने के बाद वे सामान्य तरीके से न तो चल सकते हैं और न ही बैठ सकते हैं। लेकिन ईवा अस्पताल की ओर से वैसाखी के उपलक्ष्य में कराए गए सुखी जीवन कार्यक्रम में पहुंचे डेढ़ सौ से अधिक मरीजों ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया। क्योंकि इस कार्यक्रम में पहुंचे 38 साल से लेकर 92 साल तक के मरीजों ने भंगड़ा डाला और सामान्य लोगों की तरह अन्य गेमों में हिस्सा लिया। इन सभी मरीजों के घुटने व कूल्हे ईवा अस्पताल के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. तनवीर सिंह भुटानी की देखरेख में बदले गए हैं। इंगलैंड व जर्मनी से डिग्री हासिल करने वाले और एमएस ऑर्थो में भारत के राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त करने डॉ. भुटानी ने अपने कार्यक्राल में पांच हजार से अधिक मरीजों के घुटने व कूल्हे बदले हैं। -फोटोः विशाल ढल्ल

# डॉ. पात्र ने किया होला मोहल्ला 2022 डॉक्यूमेंट्री का विमोचन

लुधियाना / यूटर्नः दशम पातशाहि द्वारा आनंदपुर साहिब की पावन धरती पर शुरु किये खालसा पंथ के बड़े समारोह होला मोहल्ला पर एडवोकेट हरप्रीत संधु द्वारा आनलाइन डॉक्यूमेंट्री व पुस्तक तैयार की गई जिसका विमोचन रविवार को प्रख्यात कवि पद्मश्री डॉ. सुरजीत पात्र ने किया। डॉ. पात्र ने बताया कि होला मोहल्ला एक ऐसा पावन उत्सव है जो सिख धर्म की शूरवीरता व गाथा को बयां करता है। इस समारोह में ऐसे-ऐसे करतब दिखाए जाते हैं जिसकी सामान्य लोग कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि एडवोकेट व आर्टिस्त हरप्रीत संधु द्वारा होला मोहल्ला 2022 डॉक्यूमेंट्री में पूरे उत्सव के पहलुओं को स्क्रीन पर उतारते हुए एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में पेश करने का प्रयास काफी सराहनीय कदम है। इस प्रकार की




डॉक्यूमेंट्री पंजाब की युवा पीढ़ी को हमारे पारंपरिक त्योहार व रीति-रिवाजों से जागरूक करवाया। एडवोकेट संधु ने पात्र जी द्वारा दिये गये प्रोत्साहन के लिए आभार जताया।

# पंजाब के हर जिले में खुलेगा सीएम आफिस

धूरी, संगरूर / यूटर्नः मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र धूरी पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने गांव मूलोवाल के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब में माथा टेका। यहां गुरुघर की प्रबंधक कमेटी ने उन्हें सिरोपा भेंट करके सम्मानित किया। पत्रकारों से बातचीत दौरान सीएम मान ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि पंजाब के हर जिले में मुख्यमंत्री दफ्तर खोला जाएगा। लोगों की मुश्किलों को चंडीगढ़ के बजाए, उन दफ्तरों में ही हल किया जाएगा। सीएम ने कहा कि पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी में बड़ा विश्वास जताया है। लोगों ने उन्हें जो ताकत बख्शी है, उसका प्रयोग लोगों की भलाई के लिए होगा।आम आदमी



पार्टी से लोगों को जो उम्मीदें हैं वह सभी पुरी होंगी। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर अलग-अलग स्थान पर रोष प्रदर्शन कर रहे लोगों से अपील करते हुए कहा कि उनकी सरकार बने अभी थोड़ा समय हुआ है, इसलिए हमें कुछ समय दें ताकि पंजाब की जनता की भलाई के लिए रोड मेप तैयार किया जा रहा है। सीएम मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सभी गारंटियां पूरी की जाएंगी। धूरी आए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ऐतिहासिक शिव मंदिर रणीके में भी नतमस्तक हुए। मंदिर पहुंचने पर महंत हरदेव गिरि व ट्राईडेंट ग्रुप के चेयरमैन एवं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष डा. राजिंदर गुप्ता ने उनका विशेष तौर पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि मंदिर आकर उनके मन को काफी शांति मिली है। मंदिर का पुनर्निर्माण देखकर और भी खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्राईडेंट ग्रुप सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर योगदान दे रहा है। धार्मिक कार्यों में भी राजिंदर गुप्ता बढ़-चढ़ योगदान देते हैं।

# मां के दरबार में आने का मौका किस्मत वालों को मिलता है : डीसी वरिंदर शर्मा



लुधियाना / यूटर्नः जगराओं पुल स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में ट्रस्ट के तत्वावधान में मनाए जा रहे चैत्र नवरात्र के नौवें दिन मां सिद्धरात्रि की पूजा अर्चना की। सर्वप्रथम सुबह श्री दुर्गा सप्तशति पाठ पंडित हरिमोहन, पंडित गिरधारी लाल ने, मुख्य यजमान केसी गुप्ता व अन्य सदस्यों ने मां दुर्गा की स्तुति की। इस दौरान तरसेम प्रजापति ने महामाई का गुणगान कर समां बांधा। इस अवसर पर चौंकी में ज्योति प्रचंड की रस्म जिलाधीश वरिंदर कुमार शर्मा, अश्वनी जैन परिवार समुंद्र गारमेंट्स, दीपक जैन महाराज पैलेस ने अपने कर कमलों से की। इस अवसर पर डीसी वरिंदर शर्मा, अश्वनी जैन ने कहा कि मां के दरबार में आने का मौका किस्मत वालों को मिलता है। इस अवसर पर वरिंदर मित्तल, अश्वनी जैन की अगुआई में आए गणमान्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आए स्वामी विवेक भारती महाराज ने रामनवमीं पर सब भक्तों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि प्रभु श्रीराम जी का अनुसरण आज के युग में मुश्किल है, लेकिन नामुमकिन नहीं।

# चार दिवसीय इंटेक्स एक्सपो के तीसरे दिन भारी संख्या में पहुंचे लोग

लुधियाना / यूटर्नः चार दिवसीय 10वें इंटेक्स एक्सपो के तीसरे दिन भारी संख्या में लुधियानवी भवन निर्माण सामग्री से अपडेट होने के लिए पीएयू प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचे। प्रदर्शनी में इंटीरियर, एक्सटेरियर्स एवं बिल्डिग मैटीरियल सहित साज सज्जा का सामान आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। रविवार को पांच हजार से अधिक विजिटर्स प्रदर्शनी का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे। प्रदर्शनी में आर्किटेक्ट सोच के उत्पादों की रेंज प्रदर्शित की गई। अब लोग भवन निर्माण के दौरान टेक्नोलाजी पर फोकस कर रहे हैं। इसमें बिल्डिंग मैटीरियल से लेकर साज सज्जा में भी टेक्नोलाजी का बोलबाला है। प्रदर्शन में लगे स्टाल पर फ्लोरिग को लेकर भी नए कांसेप्ट प्रदर्शित किए गए हैं। 200 से



अधिक स्टाल पर पांच से अधिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। रविवार को प्रदर्शनी को देखने के लिए विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ उपकार सिंह आहुजा, जगदेव सिंह सेखों, परोपकार सिंह घुम्मन, जसदेव सिंह सेखों शामिल हुए। गोगी ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां नए बदलावों से वाकिफ करवाने में कारगर साबित होती हैं।

# राजा वड़िंग को अध्यक्ष बनाने पर मना जश्न



लुधियाना / यूटर्नः अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की पंजाब कांग्रेस प्रधान की नियुक्ति पर लुधियाना में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। जिला कांग्रेस कमेटी ( शहरी) के दफ्तर में जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नवनियुक्त अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक दल के नेता और उप नेता बनाए जाने पर कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में लड्डु बांटे गए।अश्वनी शर्मा ने कहा कि कि वह हाईकमान के आभारी है कि जिन्होंने लुधियाना से भारत भूषण आशु को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर सम्मान दिया। इससे लुधियाना के वर्करों में उत्साह की एक नई लहर देखने को मिलेगी। राजा वड़िंग को पंजाब का अध्यक्ष बनाकर सोनिया गांधी ने यह दिखा दिया कि वह भी इंदिरा गांधी की तरह निर्णय लेने में कम नहीं है। इस निर्णय से आने वाले समय में पंजाब में कांग्रेस मजबूत होगी और नगर निगम चुनावों में इसका असर देखने को मिलेगा। इसके साथ ही प्रताप सिंह बाजवा को कांग्रेस विधायक दल का नेता और राज कुमार चब्बेवाल को उप नेता बनाना भी सराहनीय कदम है। अश्वनी शर्मा ने वर्करो को विश्वास दिलवाया कि वड़िंग और आशु के अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष बनने से वर्करों में उत्साह का माहौल है। गौरतलब है कि अध्यक्ष पद से नवजोत सिंह सिद्धू की छुट्टी कर दी गई है। अब देखना यह होगा कि पार्टी में गुटबाजी कम होती है या नहीं। इस अवसर पर मनीषा कपूर अध्यक्ष लुधियाना महिला कांग्रेस, मुनीश शाह, विपन अरोड़ा, जरनेल सिंह शिमलापुरी, रोहित चोपड़ा, सभी ब्लाक अध्यक्ष, सोहन लाल शर्मा, वीके अरोड़ा, विपन सूद, बीनू बहल, राजिंदर सगड़, सतपाल मल्होत्रा, अनिल जैन, भान्नू प्रताप, विनय वर्मा, राजेश कुमार रज्जा, बलवीर कुमार, नरिंदर कुमार, दिवाकर संधीर, राज कुमार राजू, मोनू शर्मा, राम लाल, हीरा सिंह व विनय कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

# 50 लाख रुपये लूटने वाले तीनों बदमाश पुलिस की गिरफ्त से बाहर



लुधियाना / यूटर्नः लुधियाना केसर गंज मंडी में आयल ट्रेडर से दफ्तर से करीब 50 लाख रुपये की लूट करने वाले तीनों बदमाश फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। तीनों बदमाशों की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस की 10 टीमों ने घटनास्थल के आसपास लगे 50 से भी अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। हालांकि पुलिस का कहना है कि हाथ कुछ सुराग जरूर लगे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि पुलिस जल्द लुटेरों को काबू कर लेगी। गौरतलब है कि तीनों लुटेरे बिना नकाब पहने दफ्तर में घुसे थे। सीसीटीवी फुटेज में उनके चेहरे साफ नजर आ रहे थे। इनकी फोटो निकालकर पुलिस अपने डाटा एप में भी उनकी शिनाख्त कर रही है।पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा भी दोपहर बाद घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने लूट का शिकार हुए कारोबारी राज अरोड़ा से भी बात की गई है और अधिकारियों से भी इस संबंधी पूरा ब्योरा लिया। पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को जल्द से जल्द इस मामले को सुलझाकर आरोपितों को पकड़ने को कहा है।घटना के एक दिन बाद भी कारोबारी को यह पता नहीं है कि दफ्तर में रखी तिजोरी में कितना कैश रखा था। उनका कहना है कि करीब 50 लाख के आसपास कैश रखा था। कोतवाली थाने में केस दर्ज किया गया है। एसीपी सेंट्रल हरसिमरत सिंह का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# श्री गुरु नाभा दास जी महाराज के दिखाए मार्ग पर चलें युवा : रमेश

पठानकोट / यूटर्नः गौ स्वामी श्री गुरु नाभा सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुक की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर आम आदमी पार्टी के हलका पठानकोट इंचार्ज विभूति शर्मा, पूर्व विधायक जोगिन्द्र पाल, मेयर पन्ना लाल भाटिया, सैंट्रल महाजन सभा ढांगू रोड के अध्यक्ष नितिन लाडी, स्वामी विष्णु गिरी जी व सावंरिया दास जी ने शिरकत की। जिनका समिति सदस्यों ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान समिति के पंजाब अध्यक्ष रमेश कुक व अन्य सदस्यों की ओर से अतिथियों को शोभायात्रा में विशेष सहयोग देने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पंजाब अध्यक्ष रमेश कुक ने कहा कि श्री गुरु नाभा दास जी महाराज ने हमेशा सच्चाई व ईमानदारी के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया है, इसलिए समिति सदस्यों, लोगों व खासकर नौजवान वर्ग को चाहिए कि वे श्री गुरु नाभा दास जी महाराज के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज सेवा में अपना अहम योगदान दें और नशों से हमेशा दूर रहें ताकि उनके योगदान से हमारा देश व राज्य तरक्की व उन्नति की तरफ अग्रसर हो सके।

# राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष, आशू को कार्यकारी अध्यक्ष, बाजवा को विधायक दल का नेता व चब्बेवाल को उपनेता बनाने पर लड्डु बांट मनाई खुशियां

## युवा व अनुभवी नेताओ की नई टीम के तालमेल से कांग्रेस में होगी नए युग की शुरुआतः योगेश हांडा



लुधियाना / यूटर्नः यूथ कांग्रेस लुधियाना (शहरी) के सदस्यों ने विधायक राजा वडिंग़ को पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष व पूर्व मंत्री भारत भूषण आशू को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने पर ढोल की थाप पर लडडू बांट कर खुशियां मनाई। जिला कांग्रेस भवन में एकित्रत युवा कांग्रेसियो को संबोधित करते हुए यूथ कांग्रेस अध्यक्ष योगेश हांडा ने राजा वडिंग़ को प्रदेश अध्यक्ष, भारत भूषण आशू को कार्यकारी अध्यक्ष, प्रताप सिंह बाजवा को विधायक दल के नेता व राजकुमार चब्बेवाल को उपनेता की जिम्मेंदारी सौंपने पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रिंयका गांधी का धन्यवाद किया। हांडा ने उक्त नेताओ के लंबे राजनितिक अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने पंजाब में मिली हर से मायूस कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाने के लिए योगय नेतृत्व प्रदान कर सराहनीय कदम उठाया है। राजा वडिंग़ के बतौर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष व भारत भूषण आशू के कांग्रेस के वार्ड स्तर से लेकर पार्षद, विधायक व मंत्री पद की जिम्मेंदारी निभाने के तर्जुबे का लाभ कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में सहायक साबित होगा।

# इश्मीत सिंह म्यूजिक इंस्टीट्यूट में संगीत शाम का आयोजन




लुधियाना / यूटर्नः रविवार को लुधियाना के इश्मीत सिंह म्यूजिक इंस्टीट्यूट में एक विशेष संगीत शाम का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने गायन, नृत्य और वाद्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इस मौके पर रायकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक एस. हाकम सिंह थेकेदार बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे।समारोह की अध्यक्षता लुधियाना के डीसी वरिंदर कुमार शर्मा ने की। इश्मीत सिंह म्यूजिक इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. चरण कमल सिंह ने गणमान्य व्यक्तियों और दर्शकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. चरण कमल सिंह ने इंस्टीट्यूट की उच्च स्तरीय तकनीकी सुविधाओं और गायन, वादन, नृत्य, ऑडियो/वीडियो प्रौद्योगिकियों से संबंधित पाठ्यक्रमों के बारे में बताया।

## खबर जरा हटके


तमिलनाडु के प्राचीन पंचवर्णस्वामी मंदिर की दीवाल पर साईकिल पर बैठे एक व्यक्ति की मूर्ति है। जिसमे साईकिल के पैडल मारता हुआ भारतीय व्यक्ति दिखाई दे रहा है। इस तस्वीर ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है , क्यूंकि यह मूर्ति 2000 साल पुरानी है और यूरोप में साईकिल का आविष्कार तो 200 साल पहले हुआ था। सुरेखा अग्निहोत्री



## आज का विचार




## कार्टून




## सामाजिक खिड़की से




# पुरानी रूढ़ियों को सिर झुकाकर मानने में भी विश्वास नहीं करती:निदा

लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। change.org संस्था की भारत में कंट्री हेड के रूप में निदा हसन चाइल्ड अब्यूज पर अब तक कई लोगों की मदद कर चुकी हैं।ऐसे ही एक केस है 40 वर्षीय पूर्णिमा गोविंदराजू की। जब वह इस बात की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचीं, तो इसे बहुत पुराना मामला बताकर रिपोर्ट लिखने से मनाकर दिया गया। इस मामले में निदा, पूर्णिमा की अवाज बनीं। निदा बताती हैं कि पूर्णिमा के अभियान के दौरान मैंने कई लोगों से बात की, ज्यादातर ने यह स्वीकारा कि बचपन में उनके साथ भी ऐसी घटनाएं हुई लेकिन उम्र की नासमझी की वजह से वे इसकी गंभीरता को नहीं समझ पाई। लेकिन अब वह उन पुराने जख्मों की अभी तक महसूस होने वाली टीस के लिए वह न्याय चाहती हैं। यही वजह थी कि निदा ने इस अभियान के लिए एड़ी-चोटी एक कर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से यह घोषणा



हुई कि चाइल्ड अब्यूज से जुड़े मामलों की एफआईआर दर्ज कराने के लिए उम्र की सीमा तय नहीं होनी चाहिए। इस नियम के बनने से एक और फायदा यह था कि यौन शोषण करने वाले लोगों के मन में डर पैदा हो।वह यह सोचे कि पीड़ित बच्चा, बड़ा होने के बाद इस मामले की प्राथमिकी दर्ज करा सकता है।

इत्तेफाक की बात है कि निदा नाम का मतलब होता है 'ब्रह्मांड की आवाज'। नन्ही सी निदा का नाम रखते वक्त उनके अब्बू-अम्मी ने भी नहीं सोचा था कि यह नाम उनके व्यवहार को प्रतिबिम्बित करेगा। कई बार स्कूल में वह अपनी सहेलियों की प्रतिनिधि बनकर टीचर्स के सामने आतीं। तब टीचर्स कहती, बिल्कुल अपने नाम पर गई हो। अपनी संस्था के लिए काम करते समय निदा हसन लाखों लोगों की आवाज बनीं। बचपन में जब कभी उनको कुछ गलत होता दिखता, तो वह चुप नहीं बैठतीं। उसके खिलाफ मुंह खोलने को तैयार हो जाती। एक वाकया याद करते हुए निदा बताती है कि उनके कान्वेट स्कूल में लड़कियों को चोटी बांधकर आने को कहा गया। क्लास 9 की निदा सीधे प्रिंसिपल के पास यह तर्क करने पहुंच गई कि 'पोनी टेल' में भी तो बाल बंधे होते हैं, फिर चोटी बांधने की क्या जरूरत है।

बेशक उनकी आपत्ति पर स्कूल प्रशासन की ओर से कोई संतुष्ट करने वाला उत्तर नहीं मिला लेकिन टीनएज आते-आते उनके घरवालों, स्कूलवालों, बाहरवालों को यह पता चल चुका था कि यह लड़की तब तक चुप नहीं बैठेगी, जब तक अपनी बात मनवा न लें या फिर उसे सही तर्क देकर संतुष्ट न किया जाए।निदा कहती हैं कि वे बेवजह किसी बात को तूल नहीं देतीं, लेकिन वह हर पुरानी रूढ़ियों को सिर झुकाकर मानने में भी विश्वास नहीं करती। उन्हें तर्क चाहिए कि ऐसा क्यों किया जाए, अगर तर्क उन्हें संतुष्ट कर देता है।

# तेज गर्मी में भी शरीर में ठंडक घोल देगा बेल का शरबत

लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। गर्मियों के मौसम में बेल का शरबत सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. बेल की तासीर काफी ठंडी होती है, यही वजह है कि शरीर का तापमान मेंटेन रखने के लिए समर सीजन में बेल का शरबत पिया जाता है. इसका स्वाद भी काफी अच्छा होता है. बेल का शरबत उपवास के दौरान भी पिया जा सकता है. इससे शरीर में एनर्जी मिलती है. बॉडी में ठंडक बनाए रखने के लिए हम कई तरह के उपाय करते हैं. उसमें देसी कोल्ड ड्रिंक पीना भी शामिल हैं. आप भी देसी कोल्ड ड्रिंक के तौर पर बेल का शरबत ट्राई कर सकते हैं.



बेल का शरबत बनाना काफी आसान है और ये आपका ऊर्जा से भर देता है. अगर आपने अब तक कभी बेल का शरबत नहीं बनाया है तो कोई बात नहीं. हमारी बताई रेसिपी से आप इसे मिनटों में ही घर पर झटपट तैयार कर सकते हैं. बेल का शरबत बनाने के लिए सबसे पहले बेल को लें और उसे तोड़कर उसका पूरा गूदा एक बर्तन में निकाल लें. इसके बाद गूदे वाले बर्तन में ठंडा पानी मिलाकर उसे लगभग 1 घंटे के लिए अलग रख दें. तय समय के बाद बर्तन को उठाएं और उसमें मौजूद गूदे को पानी के साथ अच्छी तरह से मैश कर दें. इसके लिए हाथ से या मैशर की मदद ले सकते हैं. बेल को मैश करने से उसके रेशे और बीज निकल जाएंगे. इसके बाद जूस छानने की छननी लें और उससे बेल के जूस को एक बर्तन में छान लें. अब छाने हुए शरबत में स्वादानुसार चीनी डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर दें. इसके बाद उसमें आइस क्यूब्स डालकर 1-2 मिनट के लिए छोड़ दें. आपका स्वादिष्ट बेल का शरबत बनकर तैयार हो चुका है. इसे सर्व करने से पहले गिलास में निकाल लें और चाहें तो ऊपर से एक-दो आइस क्यूब्स और डालकर ठंडा-ठंडा सर्व करें.

# एक्सरसाइज के दौरान पसीने से क्या स्किन को होता है नुकसान? जानें एक्सपर्ट की राय

लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल।कहते हैं कि एक्सरसाइज का फायदा आपकी पूरी बॉडी को मिलता है. जमकर मेहनत करने के बाद शरीर से निकलता पसीना आपकी बॉडी के टॉक्सिन्स को बाहर निकाल देता है, और आपमें एक नई ऊर्जा का संचार करता है. लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि पसीना आपकी स्किन को ऑयली (Oily Skin) बना देता है और छिद्रों (pores) को बंद कर देती है. जबकि ये सच नहीं है, जानकार बताते हैं कि फिजिकल एक्टिविटी स्किन के लिए हमेशा से ही फायदेमंद मानी जाती हैं, और इससे स्किन को नेचुरल और हेल्दी ग्लो (चमक) देने में मदद करती हैं. हालांकि, वर्कआउट के दौरान निकलने वाला पसीना त्वचा की समस्याओं जैसे मुंहासे, जलन, लालिमा और चकत्ते को भी जन्म दे सकता है. इसलिए अपनी डेली एक्सरसाइज के दौरान



ज्यादा से ज्यादा स्किन बेनिफिट्स लेने के लिए, आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए.

डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ गीतिका मित्तल गुप्ता ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर 5 स्किनकेयर टिप्स साझा किए, जिनकी प्रैक्टिस आपको वर्कआउट के लिए बाहर जाने से पहले करनी चाहिए.

इस वीडियो में डॉ गीतिका एक्सरसाइज करती दिख रहीं हैं, और इस दौरान पसीने से होने वाली परेशानी को लेकर कुछ टिप्स स्क्रीन पर चलने लगते हैं. जिनके अनुसार,-

वर्कआउट के लिए जाने से ठीक पहले अपना चेहरा धो लें. अगर आपने मेकअप किया हुआ है, तो ध्यान रखें कि आप इसे ऑयल बेस्ड क्लेंजर (cleanser) के साथ पूरी तरह से हटा दें और उसके बाद एक जेंटल क्लेंजर का यूज करें.

एक्सरसाइज के दौरान पसीने, पॉल्यूशन और डस्ट को पोंछने के लिए अपने चेहरे पर ठंडे तौलिये (Towel) का ही यूज करें. पसीना आने पर अपने फेस को अपने कपड़ों से न रगड़ें क्योंकि इससे रैशेज और खुजली हो सकती है.

टोनर, फेशियल मिस्ट या एलिक्सिर को अपने पास रखें, एक्सरसाइज के दौरान इस्तेमाल करने के लिए. इसके अलावा, खुद को हाइड्रेट रखने के लिए नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें.

# मैक्सवेल ने 2.38 सेकेंड में कर दिया तिलक वर्मा को रन आउट




मुंबई / यूटर्नः आईपीएल 2022 में शनिवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में मुंबई इंडियंस की पारी के दौरान अपना पहला मैच खेल रहे ग्लेन मैक्सवेल ने कमाल का रन आउट किया। मुंबई की पारी के दसवें ओवर में आकाशदीप गेंदबाजी कर रहे थे। ओवर की दूसरी गेंद को तिलक वर्मा ने शॉर्ट कवर पर खेलकर रन लेने का प्रयास किया, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने गेंद पर झपट्टा मारते हुए स्टंप को निशाना बनाते हुए थ्रो किया। गेंद जाकर सिधे स्टंप पर लगी और तिलक वर्मा आउट हो गए। मैक्सवेल ने सिर्फ 2.38 सेकेंड में ये थ्रो किया और तिलक को आउट कर दिया। मैक्सवेल का थ्रो देखकर साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज जोंटी रोड्स की याद आ गई। सोशल मीडिया पर मैक्सवेल के रन आउट का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। लोग मैक्सी की तुलना जोंटी रोड्स से कर रहे हैं। बता दें कि मैक्सवेल को RCB ने 14.25 करोड़ में रिटेन किया था। 1993 में जॉन्टी रोड्स ने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जो आज तक अटूट है।

रोड्स ने मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ बतौर फील्डर 5 कैच पकड़े थे और उन्हें मैन ऑफ द मैच मिला था। ये जानकर आपको हैरानी होगी कि उस मैच में रोड्स खेल भी नहीं रहे थे।

# बहन के निधन के बाद घर लौटे हर्षल पटेल

## आरसीबी के तेज गेंदबाज हर्षल की बहन कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं




मुंबई / यूटर्नः रॉयल चैलेंसर्ज बेंगलुरु के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल बहन की मौत की खबर के बाद आईपीएल के बायो-बबल को छोड़ कर चले गए है। एजेंसी के मुताबिक शनिवार रात को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के बाद पटेल को परिवार में हुई दुखद घटना के बारे में पता चला। जिसके बाद वह पुणे से मुंबई चले गए और उनके बाद अपने घर के लिए रवाना हो गए। पटेल की बहन कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। हर्षल 12 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ मैच से पहले टीम के साथ जुड़ने की संभावना है। शनिवार को डबल हेडर के दूसरे मैच में बेंगलुरु ने मुंबई को 7 विकेट से हराया था। हर्षल पटेल ने 4 ओवर में 23 दरन देकर 2 विकेट लिए हैं। उन्होंने मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा को बोल्ड किया था। इसके अलावा रमनदीप सिंह को दिनेश कार्तिक के हाथों कैच करवा कर पवेलियन की राह दिखाई।

हर्षल अब तक इस सीजन के खेले 4 मैचों में 6 विकेट ले चुके हैं। वहीं इस दौरान उन्होंने 16 ओवर में फेंके हैं और 86 रन दिए हैं।

# मौनी रॉय बोली 'मुझे समुद्र किनारे ले चलो'

मौनी रॉय ने इंस्टाग्राम पर बोल्ड बिकिनी में तस्वीरें शेयर की है। उन्होंने कुल 7 तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें समुद्र किनारे बैठकर अलग-अलग अंदाज में बोल्ड पोज देते हुए देखा जा सकता है। पहली तस्वीर में मौनी रॉय समुद्र किनारे बैठ कर एंजॉय करती नजर आ रही हैं। इसमें उनके बाल उड़ रहे हैं और वह कैमरे को देख रही है, जिसमें उन्होंने 2 पीस पहन रखा है। इसकी बात की तस्वीर में मौनी रॉय स्विमिंग पूल में है और वह कैमरे की ओर बोल्ड अंदाज में देख रही है। इसके बाद की तस्वीर में मौनी रॉय ने ग्रीन कलर की ड्रेस पहन रखी है और वह लकड़ी के पुल पर पोज देती नजर आ रही है। चौथी फोटो में मौनी रॉय बैठकर पोज दे रही है। पांचवी तस्वीर में वह ग्रीन कलर की ड्रेस पहन पेड़-पौधों के पास खड़ी होकर पोज दे रही हैं। अगली फोटो में वह एक बार फिर से स्विमिंग पूल में है। फोटो में वह अलग अंदाज में पोज दे रही है। अगली फोटो में वह एक बार फिर समुद्र किनारे से बोल्ड पोज दे रही है। मौनी रॉय ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'मुझे वापस ले चलिए।' मौनी रॉय की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 24 घंटे में 430000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। वहीं इसपर ढाई हजार से अधिक कमेंट किए जा चुके हैं। मौनी रॉय की फोटो पर फैंस दिल और आग की इमोजी शेयर कर रहे है।






# दिशा पाटनी ने दिखाया अपना हॉट अंदाज

दिशा पाटनी बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो एक्टिंग के अलावा बोल्डनेस की वजह से काफी सुर्खियों में रहती हैं। दिशा पाटनी अपना बोल्ड लुक दिखाने के लिए कोई भी मौका नहीं छोड़ती हैं। उनकी तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती रहती हैं। जिसे दिशा पाटनी के फैंस खूब पसंद भी करते रहते हैं। एक बार फिर से दिशा पाटनी ने अपना बेहद हॉट और बोल्ड अंदाज दिखाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है, जिसमें दिशा पाटनी का बेहद हॉट लुक देखने को मिल रहा है। दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए अक्सर खास तस्वीरें और वीडियो भी शेयर करती रहती हैं। दिशा पाटनी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह पिंक कलर की ब्रालेट पहने दिखाई दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने कमर पर ट्रांसपेरेंट्स श्रफ डाला हुआ है। खुद को खूबसूरत दिखाने के लिए दिशा पाटनी  ने बालों को खोला हुआ और कानों में ईयरिंग्स डाले हुए हैं। इस पूरे लुक में अभिनेत्री का हॉट और बोल्ड अंदाज साफ देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर दिशा पाटनी की यह सभी तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। अभिनेत्री के फैंस तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर उनकी खूबसूरती की तारीफ भी कर रहे हैं। दिशा पाटनी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पिछले साल आई फिल्म राधे में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता सलमान खान, रणदीप हुड्डा और जैकी श्रॉफ जैसे कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर की थी। वहीं इसके अलावा दिशा पाटनी ने हाल ही में करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म 'योद्धा' की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा है। इसके पहले उन्होंने फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' की शूटिंग खत्म की थी। जो कि साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'एक विलेन' फ्रेंचाइजी की सीक्वल है। फिल्म में दिशा के साथ जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर और तारा सूतारिया अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म को मोहित सूरी डायरेक्ट कर रहे हैं।

# कार्तिक आर्यन ने पापा को किया बर्थडे विश



कार्तिक आर्यन सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं और अक्सर अपने फैन्स संग मजेदार पोस्ट साझा करते हुए देखे जाते हैं। कार्तिक के हर एक पोस्ट पर उनके चाहने वाले जमकर प्यार भी बरसाते हैं। इसी क्रम में कार्तिक आर्यन ने एक और मजेदार पोस्ट अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर दिया है, जो उनके फैन्स को बेहद पसंद आ रहा है। इस पोस्ट में कार्तिक ने एक बड़ा ही फनी वीडियो क्लिप शेयर कर अपने पिता को जन्मदिन की बधाई दी है। इस वीडियो को जैसे ही कार्तिक ने शेयर किया, लोग इस पर अपनी ताबड़तोड़ प्रतिक्रिया देने लगे ।दरअसल, इस पोस्ट में कार्तिक आर्यन ने अपने पिता की एक थ्रोबैक वीडियो को शेयर किया है, जब वे उनके साथ कपिल शर्मा के शो पर पहुंचे थे। इस शो के होस्ट कपिल शर्मा ने कार्तिक आर्यन के पापा से पूछा था कि, डॉक्टर साहब आपको कैसा लगता है जब आपका बेटा बड़े पर्दे पर अलग-अलग हीरोइनों के साथ रोमांस करता है। जिस पर कार्तिक आर्यन बोलते हैं, प्राउड फील करते हैं। लेकिन इस सवाल पर कार्तिक के पिता ने जो जवाब दिया, उसे सुन लोग हंसते-हंसते लोटपोट हो गए। कार्तिक के पापा कहते हैं, काश ऐसा होता मैं भी कर पाता ऐसा।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
रविवार 10 अप्रैल 2022

खुद बोलती तस्वीर



# इमरान की पत्नी का टोटका नहीं आया काम, गंवानी पड़ी सत्ता

इस्लामाबाद। इमरान खान पर छाए सियासी संकट के दौरान पाकिस्तान में एक नाम खूब सुर्खियों में रहा है- इमरान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी खान। बुशरा बीबी पर इमरान की सत्ता बचाने के लिए अपने घर पर जिंदा मुर्गे जलाने के आरोप लगे थे। विपक्षी नेता शहबाज शरीफ ने दावा किया था कि बुशरा जादू-टोना कर रही थीं और इसके लिए इमरान के घर बनीगाला में कई टन मांस जलाया जा रहा था। हालांकि, बुशरा का ये टोटका काम नहीं आया और 2018 में पाकिस्तान के PM बने इमरान को शनिवार देर रात विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव में हार के बाद हटना पड़ा है। इमरान से शादी के बाद से ही अपने



रहस्यमयी व्यक्तित्व को लेकर बुशरा चर्चा में रही हैं। बुशरा पर काला जादू करने के आरोप भी लगते रहे हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि क्या है इमरान खान और उनकी तीसरी पत्नी बुशरा बीबी की कहानी? क्या है उनके काले जादू का राज? क्यों होते हैं उन्हें लेकर विवाद? बुशरा बीबी का जन्म 16 अगस्त 1974 को पाकिस्तान के पाकपट्टन शहर में हुआ था। वह पाकिस्तान के पंजाब में एक राजनीतिक रूप से प्रभावशाली माने जाने वाले वट्टू खानदान से आती हैं। बुशरा की जन्मस्थली पाकपट्टन शहर लाहौर से 250 किलोमीटर दूर स्थित है। ये शहर 12वीं सदी के सूफी संत बाबा फरीद की दरगाह के रूप में जाना जाता है। बुशरा और इमरान दोनों ही बाबा फरीद के अनुयायी रहे हैं और इन दोनों की पहली मुलाकात भी बाबा फरीद की दरगाह पर ही हुई थी।

## इमरान के करीबी पर सुबह छापेमारी

इमरान के करीबियों पर छापेमारी का दौर भी शुरू हो गया है। पीटीआई का आरोप है कि आज सुबह इमरान खान का सोशल मीडिया देखने वाले अर्सलान खालिद घर छापा मारा गया है। विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ ने बड़े भाई नवाज को याद किया और इसे पाकिस्तान के लिए नई सुबह बताया। बिलावल भुट्टो ने मुल्क से कहा- आप सभी को पुराना पाकिस्तान मुबारक हो। ये इमरान के नए पाकिस्तन के वादे पर करारा तंज था। अब शहबाज शरीफ की अगुआई में नई सरकार बनेगी। एयरपोर्ट्स को अलर्ट पर रखा गया है।

## शहबाज के सिर सजेगा पाकिस्तान का ताज

शहबाज शरीफ पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ के भाई हैं। साल 2018 में हुए आम चुनाव में पीएमएल-एन ने शहबाज को पीएम पद का उम्मीदवार घोषित किया था। इस चुनाव में इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने जीत हासिल की थी। वहीं, शहबाज को विपक्ष का नेता चुना गया था। शहबाज तीन बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सीएम रह चुके हैं। शहबाज की शादी, पत्नियों और परिवार को लेकर कई तरह की कहानियां बताई जाती रही हैं। कहा जाता है कि शहबाज की 5 शादी हुई थीं। दावा किया जाता है कि इनमें से कुछ शादियां गुप्त रखी गई थीं।

# सीएम योगी ने कन्याओं को करवाया भोजन

गोरखपुर / यूटर्न: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामनवमी का पर्व रविवार को गोरखनाथ मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया। इस अवसर पर बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर मंदिर के नवनिर्मित अन्न क्षेत्र में नौ कुंवारी कन्याओं और एक बटुक भैरव की परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना कर भोजन करवाया। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे आयोजित किया गया। इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने शनिवार की शाम ही अपनी तैयारी पूरी कर ली थी। पूजा के लिए कन्याओं को मंदिर प्रबंधन की ओर से आमंत्रित कर दिया गया था। वैसे तो नौ कन्याओं की पूजा करने की परंपरा है लेकिन मुख्यमंत्री इस अवसर पर आने वाली सभी कन्याओं को नौ कन्याओं के साथ ही अपने हाथ से भोजन करवाए हैं। सीएम योगी ने बाकायदा दक्षिणा देकर कन्याओं को



विदा किया। प्यार-दुलार के साथ होने वाली पूजा को लेकर बच्चों में काफी आकर्षण था। उन्हें वर्ष में दो बार इस पल का इंतजार रहता है क्योंकि कन्या पूजा वर्ष में दो बार होती है। पहली बार चैत्र नवरात्र में और दूसरी बार शारदीय नवरात्र में। वहीं वासंतिक नवरात्र की महाअष्टमी तिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार की रात गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में विधि-विधान से देवी के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की।

# राहुल गांधी का दावा गलत, मुझे मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव नहीं दिया: मायावती

लखनऊ / यूटर्न: बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि यूपी चुनाव के पहले कांग्रेस ने मुझे मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव नहीं दिया है। ये बात सच नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दूसरी पार्टियों के बजाय अपनी चिंता करनी चाहिए। मायावती ने कहा कि यूपी चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस की हालत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हो गई है। राहुल गांधी को बसपा के बारे में बोलने से पहले 100 बार सोचना चाहिए। यह बयान उनकी जातिवादी सोच का प्रतीक है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि हम वो पार्टी नहीं हैं जिसका नेता प्रधानमंत्री को संसद में जबरन गले लगाता



है और न ही हमारा पूरी दुनिया में मजाक उड़ाया जाता है। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा भारत को कांग्रेस मुक्त ही नहीं बल्कि विपक्ष मुक्त बना रही है। भाजपा की कोशिश चीन की तरह भारत में भी एक पार्टी का शासन स्थापित करना है। राहुल गांधी ने शनिवार को बयान दिया था कि उनकी पार्टी ने बसपा सुप्रीमो मायावती को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में गठबंधन और मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव दिया था लेकिन उन्होंने हमसे बात तक नहीं की। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मायावती ने सीबीआई, ईडी और पेगासस की वजह से सत्तारूढ़ भाजपा को चुनाव में खुला रास्ता मुहैया कराया।

# श्रीनगर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो पाकिस्तानी ढेर



श्रीनगर / यूटर्न: श्रीनगर के बेशंबर नगर में सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है। आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि श्रीनगर मुठभेड़ में मारे गए आतंकी सीआरपीएफ के जवानों पर हाल ही में हुए हमलों में शामिल थे। उन्होंने कहा कि जो भी आतंकी सुरक्षा बल या आमजन को नुकसान पहुंचाएगा, उनका यही अंजाम यही होगा। जानकारी के अनुसार, बेशंबर नगर इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों ने क्षेत्र की घेराबंदी की। इस दौरान आतंकियों के साथ मुठभेड़ में दो दहशतगर्दों को मार गिराया गया। सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से हथियार और गोला बारूद व अन्य आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है। दोनों आतंकी पाकिस्तान के रहने वाले बताए जा रहे हैं और वो लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे। बता दें कि चार अप्रैल को श्रीनगर के लाल चौक से सटे मायसूमा इलाके में आतंकियों ने दिनदहाड़े सीआरपीएफ किया था, जिसमें एक जवान शहीद हो गया था, जबकि एक अन्य घायल हुआ था।

# एसआईए ने दिल्ली में कई ठिकानों पर मारा छापा

नई दिल्ली / यूटर्न: जम्मू-कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने रविवार को टेरर फंडिंग मामले में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पांच ठिकानों पर छापा मारा। साथ ही कई जगहों पर तलाशी ली। एसआईए ने फरीदाबाद और अनंतनाग समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर छापा मारा गया, वहां जैश-ए-मोहम्मद और अन्य आतंकवादी संगठन के मददगारों की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। एसआईए ने खुफिया इनपुट मिलने के बाद आतंकी संगठन के मददगारों के ठिकाने पर छापा मारा। बता दें कि आतंकवाद और अलगाववाद से जुड़े मामलों की जांच के लिए एसआईए को गठित किया गया है। वहीं, फरवरी 2022 में एसआईए ने साउथ और सेंट्रल कश्मीर में छापा मारकर जैश-ए-मोहम्मद के 10 आतंकी मददगारों को गिरफ्तार किया था।

# शंघाई में 2.6 करोड़ लोग 22 दिन से घरों में कैद, फूड बॉक्स लूटे

बीजिंग। 2.60 करोड़ की आबादी वाले चीन की आर्थिक राजधानी शंघाई में अब तक के सबसे बड़े कोरोना विस्फोट के चलते पिछले 22 दिनों से लॉकडाउन लगा हुआ है। जीरो कोविड पॉलिसी को लेकर यहां कड़े प्रतिबंध लागू किए गए हैं। इस वजह से यहां खाने और दवाओं की कमी हो गई है। यहां शुक्रवार देर रात को बड़ी संख्या में लोग लॉकडाउन के आदेशों को तोड़कर सड़कों पर उतर गए। लोगों ने सप्लाई पाइंट पर डिस्ट्रीब्यूशन के लिए रखे गए फूड बॉक्स लूट लिए। लॉकडाउन की वजह से लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक खाने-पीने की चीजें नहीं मिल पा रही हैं। सख्ती की वजह से लोग अपने घरों से बाहर कदम भी नहीं रख सकते। जीरो कोविड पॉलिसी के तहत चीन में कड़े कोरोना प्रोटोकाल लागू किए गए हैं। यहां मरीज को अस्पताल में भर्ती होना जरूरी होता है। चीन में होम आइसोलेशन या क्वारेंटाइन की मनाही है। छोटे बच्चों को भी कोरोना होने पर उनके पेरेंट्स से अलग कर अस्पतालों में भर्ती करा दिया जाता है। इसे लेकर पेरेंट्स में गुस्सा है। चीन की आर्थिक राजधानी शंघाई में कर्मचारियों को उनके दफ्तरों में रखा जा रहा है। उन्हें घर जाने की भी इजाजत नहीं है। ऐसे लगभग 20 हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma